## लापरवाही: जान के दुश्मन बने अवैध होर्डिंग और पुलिस ग्राउंड में आवारा पशु


इंदिरा तिराहा से अमित ठेंगे चौक में लगे अवैध होर्डिंग्स


स्थानीय पुलिस ग्राउंड में दाव लगाते आवारा मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

स्कूलों की छुट्टियों के मौसम में जब सैकड़ों की संख्या में बच्चे पुलिस ग्राउंड में अपनी प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास कर रही है तो वहीं दर्जनों आवारा कुत्तें और गौवंश की उपस्थिति से जानमाल को नुकसान हो सकता है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। सिंग से सिंग लड़ाते आवारा पशु कभी भी किसी पर हमला कर सकते है। प्रशासन की यह लापरवाही किसी बच्चे की जान पर भी बन सकती है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की बहुत आवश्यकता है। वहीं इंदिरा तिराहा से अमित ठेंगे चौक तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर अवैध होर्डिंग्स का बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया गया है उसमें से कई होर्डिंग नीचे गिरकर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे है। ऐसे में नगर निगम की अवैध होर्डिंग टीम न जाने कहां सो रही है। जिला कलेक्टर के आदेशों के बाद भी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा है। जब तक अवैध होर्डिंग के मामले में कड़ी कार्रवाई और जुर्माना की कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक इस पर लगाम लगाना संभव नहीं है। आए दिन नेताओं के आगमन और जन्मदिन के होडिंग से यातायात पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। भ्रष्टाचार के चलते भी निगम के अधिकारियों द्वारा अवैध होडिंग्स पर नियमों को ताक में रखकर कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। अगर होडिंग्स के मामले में कड़ी कार्यवाही की जाती है तो निश्चित रूप से शहर को स्वच्छता के साथ साथ दुर्घटनाओं से भी बहुत हद तक मुक्ति दिलाई जा सकती है। प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

घर का सामान बेचकर शराब पीने की लत से परेशान थी मीराबाई

## पति को मारकर खाट के नीचे गाडने वाली महिला को उम्रकैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

जिला अपर एवं सत्र न्यायालय पांढुर्ना ने कल पति की हत्या करने के बाद लाश को खाट के नीचे गड्ढा कर गाडने वाली मीराबाई पराडकर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस मामले की जांच एसपी सुंदर सिंह कनेश तथा एडिशनल एसपी नीरज सोनी के मार्गदर्शन में एसआय आशीष भीमटे ने की है। उल्लेखनीय है कि बडचिचोली पुलिस ने मीराबाई को गिरफ्तार कर धारा 302 और 201 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मीराबाई पति घनशाम पराडकर अपने 12 और 8 साल के बच्चों के साथ ग्राम लांघा में रहती थी। घनशाम को शराब की बुरी लत थी और वह कामकाज पर जरा भी ध्यान नहीं देता था। मीराबाई उसकी इस आदत से परेशान हो गई थी। कई मर्तबा घनशाम शराब पीने के लिए घर के बरतन भी चोरी छिपे बेच देता था। घनशाम की शराब पीने लत ने मीराबाई उसके बच्चों का जीवन नर्क बना दिया था।

8 अक्तुबर 2022 को घर के बरतन शराब के लिए बेचने को लेकर मीराबाई और घनशाम में खूब वाद विवाद और झगडा हो गया था। पति शराब के नशे में सो गया था इसका लाभ उठाते हुए मीराबाई ने तैश में आकर नींद में पति के नाक और मुंह पर गमछा काफी देर तक दबा रखा जिसके कारण घनशाम ने दम तोड दिया।

इसके बाद मीराबाई ने पति जिस खाट पर सोया था उसके नीचे ही गड्ढा खोदकर पति उसमें छुपा दिया। महिला होने के कारण मीराबाई लाश को दफन करने के लिए पर्याप्त गड्ढा नहीं खोद पायी थी। पति का आधा मृत देह तो गड्ढे में छुप गया था लेकिन उपरी हिस्सा बाहर से नजर आ रहा था। मीराबाई ने उस पर खाट ढांक दी और दूसरे दिन रात्रि में गड्ढे को पर्याप्त गहरा कर उसमें अच्छे से लाश दफन करने के इरादे से सो गई।

लेकिन दूसरे दिन खाट के नीचे अधूरी दफनाई गई लाश के बाहरी हिस्सा परिवार के दूसरे सदस्यों को नजर आ गया। इसके बाद राधेशाम पराडकर ने पुलिस को सूचना दी और मामले का खुलासा हुआ।

## कब्जा हटाने की मांग को लेकर दम्पत्ति ने किया अनोखा प्रदर्शन

### मनोज राजपूत की छह हजार स्क्वेयर फीट प्लाट पर शराब माफिया ने की कब्जे की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर में अपनी पीड़ा को प्रदर्शित करने का एक नया ही अंदाज देखने को मिला जहां दम्पत्ति मनोज राजपूत और पूजा राजपूत ने अपने छह हजार स्क्वेयर फीट प्लाट को बचाने के लिए प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर के हनुमान मंदिर में चालीसा का पाठ कर प्रशासन से मदद मांगने के लिए पोस्टर का सहारा लेकर नंगे पांव दम्पत्ति निकल पड़े। दरअसल मामला यह है कि पीड़ित मनोज राजपूत का आरोप है कि उनके छह हजार स्क्वेयर फीट के प्लाट पर शराब माफिया कब्जे की कोशिश कर रहे है।



इस जमीन का मामला कोर्ट में विचाराधीन होने और निगम में इसकी पूर्व सूचना देने के बाद भी निगम के अधिकृत ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कर दिया गया है और निगम अधिकारियों का कहना है कि वे ठेकेदार को इस सड़क निर्माण का भुगतान नहीं करेंगे।

बात दरअसल यह है कि शराब माफिया जब प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है तो निगम अधिकारियों ने कोई कार्रवाई कैसे नहीं की और सड़क निर्माण शासन के पैसों से ही किया गया। शासन द्वारा अधिकृत ठेकेदार ही जब सड़क का निर्माण कर रहा है तो निगम की भागीदारी से कैसे इंकार किया जा सकता है।

दरअसल सब कुछ जानने के बाद भी निगम के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की लापरवाही के कारण दम्पत्ति को इस घटना का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में बात आने के बाद प्रशासन ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा तो दिया है। मनोज राजपूत का कहना है कि अगर न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

## बीस साल पूर्व बलात्कार करने वाले अपराधी को सात साल की सजा

**जुन्नारदेव।** माननीय महेंद्र मांगोदिया अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 01/2022 मे आरोपी अशोक पिता सुख लाल को बलात्कार के मामले में सात साल के कारावास से दंडित किया गया शासकीय अधिवक्ता /अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की पीड़िता को आरोपी ने विधीपूर्ण संरक्षता से अपने साथ अपहरण करके ले गया और पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती बलात्कार किया था पीड़िता के द्वारा दिनांक 19/01/2005 को थाना तामिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 07/2005 दर्ज कर धारा 363,366,एवं 376 भादवी के तहत के तहत मामला दर्ज किया था प्रकरण में कुल 11 गवाहो का परीक्षण अभियोजन द्वारा न्यायालय में कराए गए एवं आरोपी के विरुद्ध मामला प्रमाणित होने से अपराध सिद्ध पाए जाने पर दोष सिद्ध किया गया आरोपी के विरुद्ध उपरोक्त तीनों धाराएं प्रमाणित पाई गई ।धारा 363 भा. द.वि.में तीन वर्ष कारावास और 1000 रुपए का जुर्माना धारा 366 भा. द .वि .में पांच वर्ष कारावास 1000 रू जुर्माना एवं 376 भा. द. वि. में सात वर्ष कारावास एवं 1000 रुपए जुर्माना से दंडित किया गया है। प्रकरण वर्ष 2005 में दर्ज किया गया था तथा तब से आरोपी फरार था एवं वर्ष 2022 में पुलिस की मेहनत से आरोपी गिरफ्त में आया था । आरोपी को वर्ष 2018 के पूर्व भा. द.वि. के संशोधन की व्यवस्था के अनुरूप माननीय न्यायालय द्वारा उचित दंडादेश से दंडित किया गया है ।प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव के द्वारा पैरवी की गई। प्रकरण में विवेचना निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर एवं उप निरीक्षक आर पी गायधने के द्वारा की गई थी।

## बापू के प्रकरण में न्याय सिद्धांतों के दुरुपयोग रोकने की मांग

**छिंदवाड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति , मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट , मुख्य न्यायाधीश हाई कोर्ट अहमदाबाद के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर सन्त श्री आशाराम जी बापू के प्रकरण में संविधान के दुरुपयोग रोकने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि राष्ट्रीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के कद्दावर नेता ब्रजभूषण सिंह को सेशन कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट में लगी धारा बन्द कर दी । न्यायालय ने बताया कि आरोप लगाने वाली पहलवान नाबालिग लड़की ने पुलिस को बयान दिए थे कि उसने दबाव में आकर ब्रजभूषण सिंह पर झूठा आरोप लगाया है । पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर ब्रजभूषण सिह पर पॉक्सो एक्ट की धारा हटा कर केस बन्द कर दिया है । जबकि पॉक्सो एक्ट का नियम है कि आरोप दर्ज होते ही सबसे पहले आरोपी की गिरफ्तारी की जाती है बाद में जाँच । ठीक ऐसा ही प्रकरण सनातन संस्कृति के रक्षक सन्त श्री आशाराम जी बापू का है जिसमें एक महिला आरोप लगाती है कि 20 वर्ष पहले उसके साथ छेड़छाड़ हुई थी ।

## रंगारी शराब दुकान को लेकर ग्रामीण हो रहे परेशान

### अधिकारियों के झूठे आश्वासन पर ग्रामीण हुए आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्राम रंगारी सापर तहसील सौसर में स्थित शराब दुकान को लेकर फिर एक बार ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय सौसर में पहुंचकर श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सोपते हुए ग्राम से शराब दुकान हटाने की मांग की गई है। बीते साल शराब दुकान हटाने को लेकर अधिकारियों के द्वारा दिए गए आश्वासन पर कार्रवाई नहीं होने के चलते अब ग्रामीण आक्रोशित हो रहे हैं।

ज्ञापन में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भागवतराव महाजन,सरपंच नितेश ठाकरे,प्रदीप ठाकरे, कृष्णा कडु आदि ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम रंगारी सापर में वर्ष 2024-25 हेतु लोधिखेडा बी. नाम से शराब दुकान माह अप्रैल 2024 में स्थापीत की गई जो पूर्व में लोधिखेडा में संचालित थी। जिसे ग्राम रँगारी में स्थापित किया गया है शराब दुकान हटाने को लेकर पूर्व में कई बार



आंदोलन ज्ञापन और आवेदन दिए जा चुके है। बावजूद इसके प्रशासन के द्वारा शराब दुकान हटाने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शराब दुकान हटाने को लेकर बीते दिनों आंदोलन में भजन पुजन, शेकडो दिप जलाये गये, हनुमान चालिसा का पाठ, हरिपाठ, शराबियों का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया गया था।

शराब दुकान के यहां पर संचालित होने के चलते छात्र-छात्राओं महिलाओं युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है साथ ही ग्राम की शांति व्यवस्था भी बिगड़ रही है। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भागवतराव पूर्व जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विजय चौधरी 24.06.2024 को अनिश्चित कालिन भुख हडताल शुरू की गई थी। परंतु दो दिन बाद ही सौसर प्रशासन पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों ने 7 दिन के भीतर शराब दुकान यहां से हटाने का आश्वासन दिया गया था। परंतु प्रशासन के अधिकारीयो की बाते झूठी साबित हुई है आज तक शराब भट्टी यहां से हटाई नहीं गई है। नये ठेकेदार द्वारा पूर्व स्थित स्थान पर ही दुकान संचालित की जा रही है।

प्रशासन के द्वारा छल कपट गुमराह की जाने वाली कार्यप्रणाली से अब ग्रामीण दुखी होकर फिरसे आंदोलन करने का निर्णय ले रहे है। प्रशासन के द्वारा यदि समय रहते शराब दुकान हटाने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में बैठके लेकर रंगारी की शराब दुकान हटाने के लिए फिर से उग्र एवं भूख हड़ताल आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## एफडीडीआई ने मेधावी विद्यार्थियों और प्रतिभाओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

इमलीखेड़ा स्थित फुड वेयर डेवलपमेंट एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (एफ.डी.डी.आई.) छिंदवाड़ा द्वारा शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 का वृहद आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में और जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, जनजाती कार्य विभाग के सहायक संचालक श्री उमेश सातनकर एवं पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री संगीत देशमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सिंह एवं सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं सीबीएसई बोर्ड (शैक्षणिक सत्र 2024–25) के राज्य एवं जिले के कक्षा 12वीं के 32 मेधावी विद्यार्थियों को एवं शासकीय एवं गैर शासकीय विद्यालय के 46 प्राचार्यों को उनके शत-प्रतिशत परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय के आस-पास के विद्यालयों के 300 मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरुस्कृत किया गया।

## 2 वर्षीय मासूम को सकुशल किया ढूंढ निकाला

### दो आरोपियों को पुलिस ने मौके से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने स्वयं देर रात मोर्चा संभालते हुए अपनी टीम के साथ तामिया पहुंचकर ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए बालक को सकुशल दस्तयाब किया गया।

रात्रि जिला रायसेन पुलिस द्वारा से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पालोहा, थाना बेगमगंज, जिला रायसेन निवासी योगेंद्र पटेल के 2 वर्षीय पुत्र का कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण कर लिया गया है, अपहरणकर्ताओं द्वारा फिरौती की मांग की जा रही है।रायसेन पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से यह संकेत प्राप्त हुआ कि आरोपीगण छिंदवाड़ा जिले के थाना तामिया क्षेत्र में छिपे हो सकते हैं, घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए छिंदवाड़ा *पुलिस अधीक्षक संवय देर रात्रि मुख्यालय की विशेष टीम



के साथ तामिया क्षेत्र के लिए रवाना हुए, मौका स्थल पर पहुंचकर एवं थाना तामिया प्रभारी निरीक्षक आशीष जैतवार को थाना क्षेत्र में संदेही व्यक्तियों की तत्काल तलाश के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा उपलब्ध तकनीकी इनपुट का गहनता से विश्लेषण कर संभावित ठिकाने की पहचान ग्राम साझकुई थाना तामिया मे की गयी गई। टीम द्वारा घेराबंदी कर 2 वर्षीय मासूम बालक को सकुशल दस्तयाब किया गया, मौके से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ़्तार आरोपीगण - 1.राहुल पिता वीरेन्द्र कुमार पटेल (उम्र 30 वर्ष), निवासी करोला, जिला रायसेन2.उमेश गौर पिता सुशील गौर (उम्र 22 वर्ष), निवासी करोला, थाना बेगमगंज, जिला रायसेन**

आरोपीगण द्वारा स्वीकार किया कि उन्होंने फिरौती के उद्देश्य से बालक का अपहरण किया था। पूछताछ में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुई हैं, उक्त जानकारियों को जिला रायसेन पुलिस के साथ साँझा किया गया।

## पुलिस ने निकाली देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर रैली

**छिंदवाड़ा।** जन कल्याणी पर्व लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती वर्ष के अवसर पर महिला सुरक्षा शाखा म.प्र. पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित जागरूकता अभियान के तहत, अजय पाण्डे पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा एवं आयुष गुप्ता अति. पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा के निर्देशन में महिला कानूनों से संबंधित जागरूकता अभियान में उप पुलिस अधीक्षक प्रियंका पाण्डेय महिला सुरक्षा शाखा छिन्दवाडा एवं निरीक्षक कंचन राजपूत महिला थाना प्रभारी के द्वारा जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें कौशल विकास केन्द्र बाबा रामदेव नगर मे नये कानूनों पर जागरूकता अभियान तथा पुलिस कन्ट्रोल रूम छिन्दवाडा से महिला पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियो की वाहन रैली निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गो और शहर के संवेदनशील संस्थानो से होते हुए जागरूकता संदेश के साथ वापस पुलिस कन्ट्रोल रूम छिन्दवाडा में समाप्त हुई। इसी प्रकार जिलें के अन्य थाना क्षेत्रों के मोहल्ले एवं बस्तियो में, सार्वजिक स्थानों पर



जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। जागकरुता का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना तथा विभिन्न व्यावसायिक कौशलों में प्रशिक्षित करना है। साथ ही महिलाओं से संबंधित कानूनी अधिकारों की जानकारी, सायबर सुरक्षा व सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी विशेष सत्र लिये गये। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण रहा महिला पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की वाहन रैली निकाली गई, जिसमे जिलेभर की महिला पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। यह रैली शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी और रैली के माध्यम से जनमानस को महिला सुरक्षा, कानून जागरुकता और डिजिटल जागरुकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को न केवल उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना था। बल्कि उन्हे सुरक्षित समाज के निर्माण में भागीदार भी बनाना था। देवी अहिला बाई होल्कर की प्रेरणा से संचालित यह पहल निश्चित रुप से महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली कदम सिध्द होगा।

निर्माण स्थलों पर अवैध रेत भंडारण पर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई

## खनिज निरीक्षक ने बीती रात चोरी की रेत ले जा रहा टिप्पर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में रेत की चोरी लगातार होती चली आ रही है! खनिज विभाग जो इसका मूल मालिक है! वहीं राजस्व भी अधिकार प्राप्त होने के बावजूद चोरी पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है! रेत की चोरी पकड़ने बनी टास्क फोर्स कभी धरातल पर नजर नहीं आई?जो रेत चोरी होने का मूल कारण बनी हुई है।

इसी हो रही रेत चोरी के कारण खनिज निरीक्षक पर रेत चोरों से मिले होने के आरोप लग रहे थे? सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई है!इन्हीं लग रहे आरोपों को झूठा ठहरने के लिए बीती रात



खनिज निरीक्षक ने चोरी की रेत ले जा रहा मिनी ट्रक को तामिया में पकड़ा और उसे पुलिस अभी रक्षा में खड़ा किया है!लेकिन बावजूद कार्रवाई के एक दर्जन ट्रक ट्रैक्टर अल सुबह तक रेत के निकले इनमें से अधिकांश ट्रक ट्रैक्टर जामई रोड स्थित भारिया ढाना मै बन रहे म्यूज़ियम निर्माण स्थल पर रेत डाली गई? जो देखी जा सकती है!हरिभूमि ने खनिज विभाग को समाचार के माध्यम से अवगत कराया था! कि तामिया में चल रहे निर्माण स्थलों पर सैकड़ो घनी मीटर अवैध रेत भंडारण कर रखी है।

लेकिन खानिज निरीक्षक ने इन स्थलों पर अवैध रेत के भंडारण पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाना भी उनकी कार्य प्रणाली पर पकड़े गये ट्रक के बाद सबाल तो खड़े करता है! की इतनी भारी तादद में निर्माण स्थलों पर रेत का अवैध भंडारण पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाना चर्चा का विषय है।

प्रतिदिन दर्जन ट्रक ट्रैक्टर सुहानी शाम से भोर तक रेत की चोरी कर रहे हैं! जिसका समाचार हरि लगातार प्रकाशित करता चला रहा है! लेकिन खनिज निरीक्षक ने हमेशा सत्य समाचार को झूठलाने में ज्यादा विश्वास किया इसका नतीजा है! कि एक रात में सैकड़ो घन मीटर रेत की चोरी होती चली आ रही है! पकड़े गए मिनी ट्रक से रेत चोर.सतर्क हो गए हैं! और चाक चौबंद तरीके से चोरी की रेत निकालने की जुगत में है।

वही खनिज निरीक्षक को रेत चोरी के वाहनो के अलावा निर्माण स्थलों पर लाई गई रेत की रॉयल्टी जांच कर कार्रवाई करना होगा? जिससे खनिज विभाग की तामिया में रेत चोरी के कारण जो छवि धूमिल हो रही है कार्रवाई से बचाया जा सके।

## माउंट एवरेस्ट से विक्रम पुरस्कार तक, साहस, समर्पण और सपनों की कहानी

# प्रदेश की बेटी पर्वतारोही भावना ने बढ़ाया जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के ग्राम तामिया की रहने वाली भावना डेहरिया आज एक ऐसा नाम बन चुकी हैं, जो साहसिक खेलों, विशेष रूप से पर्वतारोहण में युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उन्हें मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 के राज्य स्तरीय सर्वोच्च खेल सम्मान 'विक्रम पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। वे एडवेंचर स्पोर्ट्स श्रेणी में इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाली राज्य की पहली महिला बन गई हैं।

माउंट एवरेस्ट की ऊँचाइयों को छूने से लेकर विश्व के कई महाद्वीपों की ऊँची चोटियों को फतह करने तक की भावना की यात्रा संघर्ष, साहस और अडिग संकल्प की मिसाल है। 22 मई 2019 को उन्होंने विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) पर चढ़ाई कर मध्यप्रदेश की पहली महिला पर्वतारोही बनने का गौरव प्राप्त किया। इस अभियान के दौरान 8,000 मीटर की ऊँचाई पर ऑक्सीजन सिलेंडर लीक हो जाने जैसी चुनौती का उन्होंने साहसपूर्वक सामना किया। भावना ने पर्वतारोहण के बेसिक, एडवांस और 'मेथड ऑफ़ इंस्ट्रक्शन (MOI)' कोर्स में 'ए' ग्रेड हासिल कर आ धि का रि क पर्वतारोहण प्रशिक्षक की मान्यता प्राप्त की है। भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा 2018 में उन्हें माउंट मनीरंग (6,593 मी.) चढ़ाई के लिए चयनित किया गया था, जहाँ उन्होंने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। उनका "सेवन समिट्स मिशन" अब तक पाँच महाद्वीपों की सबसे ऊँची चोटियों को छू चुका है—अफ्रीका की माउंट किलीमंजारो (2019), ऑस्ट्रेलिया की माउंट कोज़ियस्को (2020), यूरोप की माउंट एल्ब्रुस के दोनों शिखर (15-16 अगस्त 2022), और दक्षिण अमेरिका की माउंट एकोंकागुआ (2025)। यूरोप की चढ़ाई के दौरान उन्होंने एल्ब्रुस शिखर पर तिरंगा लहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान को अंतरराष्ट्रीय ऊँचाइयों तक पहुंचाया, जिसकी सराहना स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने की। शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने फिजिकल एजुकेशन में मास्टर्स तथा योग और नेचुरोपैथी में डिप्लोमा प्राप्त किया है। कॉलेज जीवन में छात्रसंघ अध्यक्ष रही भावना ने राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबॉल, सायकल पोलो और सॉफ्टबॉल में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और एन.सी.सी. में सक्रिय भागीदारी निभाई।

माँ बनने के बाद भी उन्होंने पर्वतारोहण को नहीं छोड़ा। उनकी बेटी सिद्धि मिश्रा मात्र 2 वर्ष की आयु में एवरेस्ट बेस कैंप (5,364 मीटर) तक पहुँचने वाली सबसे कम उम्र की बालिका बनकर एक विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं।

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्यरत भावना डेहरिया ने युवतियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा दी है। उन्होंने "Advenger" शब्द गढ़ा, जो 'Adventure' और 'Danger' के समावेश को दर्शाता है, और उनके व्यक्तिगत अनुभवों की गहराई को परिभाषित करता है।

TEDx मंचों पर वक्ता, Ernst & Young जैसी संस्थाओं में सलाहकार, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक, और अनेक सरकारी साहसिक आयोजनों की अगुवाई करने वाली भावना डेहरिया आज केवल एक पर्वतारोही नहीं, बल्कि पूरे भारत की बेटियों के लिए एक जीती-जागती प्रेरणा हैं। उनकी यह यात्रा दर्शाती है कि जब इरादे मजबूत हों और सपने ऊँचे, तो कोई भी शिखर अजेय नहीं रहता।

### ग्रीष्मकालीन हिन्दू संस्कार शिविर 31 से

**जुन्नारदेव -:** ग्रीष्मकालीन हिन्दू संस्कार शिविर का आयोजन 31 मई से नगर के नन्दलाल सूद स्कूल प्रांगण में आयोजित किया जायेगा।शिविर का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जुन्नारदेव के द्वारा किया जायेगा।शिविर का आयोजन केवल बालकों हेतु होगा। जिसमे संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति,विकास,व्यक्तित्व की की शिक्षा से बालकों को अवगत कराया जाऐगा।नगर जुन्नारदेव में 31 मई से 10 जून 2025 तक शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। शिविर प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तकनन्दलाल सूद स्कूल प्रांगण में आयोजित होगा।इस विशेष शिविर मे बालकों को भारतीय संस्कृति, योग, खेलकूद, नेतृत्त्व विकास,देशभक्ति गीत व प्रेरक कहानियों से संस्कारित किया जाएगा।

## सांसद ने किसानों को जैविक खेती और उर्वरकों की संतुलित मात्रा का महत्व समझाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

भारत सरकार द्वारा किसानों तक कृषि तकनीकों के नवाचारों को पहुंचाने के उद्श्देश्य से जिले के ग्राम राजना में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद विवेक बंटी साहू, कलेक्टर अजय देव शर्मा तथा पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र परमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।
सांसद बंटी साहू ने किसानों से पराली ना जलाने, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, और फसलों में उर्वरकों के जरूरी मात्रा में प्रयोग की सलाह दी। इन्होनें बताया कि आगामी समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के लिए और भी उपयुक्त योजनाएं लानेवाले है जिससे खेती निश्चित रूप से मुनाफे का धंधा बनेगा। इ स के पश्चात उपसंचालक कृषि एमएल उईके ने अपने संबोधन में उक्त अभियान का उद्देश्य एवं महत्व बताया। इसके बाद नरेंद्र परमार ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अंतरवर्ती फसल विधि तथा फसलों में उर्वरकों की संतुलित मात्रा के बारे में बताया।

कलेक्टर अजय देव शर्मा ने कहा कि कपास फसल को एचडीपीएस विधि से रोपने तथा उर्वरकों का संतुलित मात्रा में प्रयोग करते हुए एक एकड में जैविक पद्धति से खेती किए जाने की सलाह किसानों को दी। केवीके से पधारे कृषि वैज्ञानिक आर के झाडे ने मिट्टी परीक्षण एवं मिट्टी के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। आज के कार्यक्रम में कृषि विभाग सहा. संचालक दीपक चौरसिया ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस समारोह में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुनील गजभिए, कृषि विस्तार अधिकारी विनोद लोखंडे, शिवाजी उईके, साक्षी खरात, शिवाजी चौरे, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, डॉ. गोविंदा धुर्वे तथा रवि सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# दीनदयाल रसोई को अम्बेडकर भवन में खोलने की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शासन की महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल रसोई जो कि शहर से दूर स्थित ईडीसी में एक सूने क्षेत्र में खोला गया। जहां गरीब मजदूर , आमजन का पहुंचना मुश्किल होता है । अधिकांश लोगों को उस स्थान की जानकारी भी नहीं होती है। वहीं अक्सर यहां दीनदयाल रसोई देख रेख के अभाव में बंद रहती है । नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने दीनदयाल रसोई को अम्बेडकर भवन खोलने को लेकर एसडीएम और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखा है । उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल रसोई अगर जामई मेन रोड पर अम्बेडकर भवन में शुरू करने से समीप स्थित अस्पताल के मरीज और उनके परिवार जनपद, तहसील , कोर्ट, दूरदराज से आने वाले आमजन, बाजार में बाहर से आने व छोटे व्यापारियों, हम्माल ठिलिया वाले, गरीब मजदूर सबको इसका लाभ मिलेगा और शहर के मध्य में स्थित होने के कारण आमजन आसानी से पहुंच सकेगा। शहर के मध्य में स्थित रहने के कारण इसकी देख - रेख अच्छे से होगी और अधिकारियों और कर्मचारियों के नजर रहेगी । जिससे आमजन को इसका लाभ भी अच्छे से मिलेगा । उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द दीनदयाल रसोई को अम्बेडकर भवन में खोला जावे ताकि शासन की मंशानुरूप उसका लाभ आमजन को हो सके ।

# 37 वर्षों तक लगातार वॉलीबॉल शिविर लगाना बड़ी उपलब्धि है- गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में एडिशनल एसपी आयुष गुप्ता बच्चों से रूबरू हुए और खिलाड़ियों को विभिन्न टिप्स दिए। यह शिविर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा सत्येंद्र सिंह मरकाम के निर्देशानुसार खेल विभाग वेकोलि कन्हान एरिया,नपा जुन्नारदेव के सहयोग से उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव प्रांगण पर संचालित हो रहा है।

ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी छात्र-छात्राओं से ऐडिशनल एसपी आयुष गुप्ता ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि 37 वर्षों तक लगातार वॉलीबॉल शिविर लगाना बड़ी उपलब्धि है। छात्रों को संबोधित करते हुए एडिशनल एसपी ने कहा कि आप अपना लक्ष्य हमेशा बड़ा रखें ।और प्रयास करें कि आप अपने खेल को इस स्तर पर ले जाए कि आगामी समय में राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच कर अपने माता-पिता एवं नगर का नाम रोशन कर सके।

इस अवसर पर एसडीएम जुन्नारदेव कामिनी ठाकुर, पार्षद संजय जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी एवं मंडल के समस्त पदाधिकारी भी उपस्थित थे।। इस अवसर पर प्रशिक्षक अनुरोध शर्मा अनुराग शर्मा धनंजय चौरसिया पूर्वी कुमरे राजीव गौतम सादिक कुरैशी पावेल सिंह संजय बामने महेंद्र डेहरिया प्रशांत डेहरिया परितोष चौरसिया नमन साहू आकिब खान आदि उपस्थित थे।

## अहिल्यादेवी होलकर की 300 वीं जयंती पर जिला पुलिस की रैली

**पांढुर्ना ।** आज लोकमाता के रूप में विख्यात देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के मौके पर पांढुर्ना जिले की पुलिस ने शहरभर में बाइक रैली निकाली। सुबह सवेरे 8 बजे भारी पुलिस बल और वाहनों को सायरन बजाते हुए सडकों से गुजरते हुए देख लोग हैरान हो गए। जिला पुलिस की बाइक रैली में पांढुर्ना, सौंसर, लोधिखेडा, मोहगांव, बडचिचोली, पीपला ना. वार और नांदवाडी क्षेत्र के पुलिस अधिकारी और सिपाही शामिल हुए। जिला पुलिस की रैली में कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश, एडिशनल एसपी नीरज सोनी, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर तथा सीएमओ आरके इवनाती भी मौजूद रहे।



# लांजी, भानेगाँव, बहेला, साडरा में प्रतिमाह निःशुल्क नेत्र शिविर में 25 लोग चयनित हुए : विशाल राउत खोंगल



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** महावीर इंटरनेशनल लांजी जिला बालाघाट म प्र द्वारा प्रतिमाह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन आज नगर पालिका मुख्यालय लांजी में और नगर मुख्यालय भानेगाव, , बहेला, साडरा, सभी स्थानों पर आयोजित किया गया साथ ही प्रशिक्षित डॉक्टर कर्मवीर सिंह जी ,और सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया, इस अवसर पर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 25 लोग चयनित हुए महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के डिप्टी डायरेक्टर & चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल, ने बताया कि अब नागरिकों को परेशान होने की जरूरत नहीं, प्रतिमाह 29 और,30 तारीख को यह सभी स्थानों पर शिविर सम्पन्न कराया जाएगा लोगों की सुविधा प्रदान करने के लिए प्राणी मात्र सेवा के लिए समर्पित महावीर इंटरनेशनल लांजी ,अपेक्स रीजन 9 के द्वारा महावीर स्वास्थ सेवा केंद्रों के द्वारा सुविधा स्थानीय लोगों के स्वास्थ सहयोग प्रदान के लिए किया जा रहा है । विशाल राउत खोंगल के कहा की अब नागरिकों को दूर दूर तक सफर करने की जरूरत नहीं अपने निकटतम सेवा केंद्र में पहुंचकर जांच परामर्श मार्गदर्शन प्राप्त कर सेवा का लाभ ले । मरीजों की सारी सुविधा केंद्र से ही प्रदान किया जाएगा केंद्र में ही बस सुविधा पहुंचकर लोगो को सुविधा प्रदान करेंगे। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स लांजी जिला बालाघाट म प्र, रीजन -9 के द्वारा प्रतिमाह नेत्र जांच शिविर का आयोजन दिनांक 29/06/2025 को बहेला, साडरा में और 30/06/2025 को भानेगांव, लांजी में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल के डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल इन्होंने बताया सबकी सेवा, सबको प्यार , जियो और जीने दो के सिद्धांत पर ग्रामीण क्षेत्र में महावीर सेवा केंद्र का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए शिविर आयोजित किए जाते हैं जिसमें लोगों को परेशानी ना हो दूर-दूर से भटकना ना पड़े और अपने पास के निकटतम केंद्र में जाकर अपना इलाज कराए और वहीं से उन्हें सारी सुविधा उपलब्ध करा कर उनका इलाज किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत जराही से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य विभाग का कृषि संकल्प अभियान हुआ प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुक्रवार 30 मई को जनपद पंचायत किरनापुर की ग्राम पंचायत जराही से शुभारम्भ किया गया।

अभियान का शुभारंभ राणा कल्याण सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर, मनीष भीमटे जनपद सदस्य, दशरथ दशमेर सरपंच ग्राम पंचायत जराही,मुकेश गौतम, खुदीराम सनोडिया अनुविभागीय अधिकारी कृषि ने किया। जहां जनपद पंचायत किरनापुर की ग्राम पंचायत जराही में कार्यशाला आयोजित हुई।

राणा कल्याण सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर ने किसानों से योजनाओं एवं नवीन तकनीकियों का लाभ लेने के लिए विभाग की ओर से आयोजित कार्यशालाओं में उपस्थित होने की अपील की।उन्होंने कहा कि आज कृषि की कई नवीन तकनीकें विकसित हुई हुई है, जिन्हें किसानों को जानना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से किसानों को लाभावित करने के लिए शासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उसी श्रेणी में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज प्रारंभ किया गया है। आज किसानों को कृषि से जुड़ी हर तकनीक जानना चाहिए। इससेउत्पादन बढ़ा सकें और लागत भी कम करें।

जबकि जनपद सदस्य किरनापुर मनीष भीमटे ने कहा कि सरकार और मप्र शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के साथ ही नरवाई प्रबंधन के लिए बेलर एवं सुपरसीडर के उपयोग के लिए जानकारी होना बहुत आवश्यक है। आज खेत में ही उचित और सही तकनीक से से प्राकृतिक खाद बनाया जा सकता है।

इसके माध्यम से कार्यक्रम में भारत सरकार और मप्र शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों की ओर से इजाद की गई नवीन उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों की ओर से कृषि में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी स्थानीय स्तर पर कृषि खरीफ सीजन में रोग कीट नियंत्रण वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, कृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों के माध्यम से कृषकों को लाभावित किया जाएगा।

आयोजित कार्यक्रम में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला स्तरीय दल एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को बीजोपचार एवं बीज शोधन विधि की जानकारी। उन्नतशील फसल किस्मों एवं उन्नत कृषि तकनीक श्रीअन्न फसलों का क्षेत्र विस्तार, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का उत्पादन की नवीन तकनीक। प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा की जानकारी दी गई इस दौरान

ग्राम पंचायत सचिव रामेश्वर सीहोरे,मोहनलाल कटरे पूर्व सरपंच ,एस. के. राय सहायक प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय मुरझड, सुनील रजक सहायक प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय मुरझड, सन्तोष धुवारे कृषि वैज्ञानिक बड़गांव, डॉ धर्मेंद्र अगासे विषय वस्तु विशेषज्ञ, एवं वरिष्ठ कृषि विकास कार्यालय किरनापुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बहुतायत में ग्राम के कृषक स्थानीय जनप्रतिनिधी एंव किसान उपस्थित रहे।

## कलेक्टर श्री मीना ने की मत्स्य विभाग की योजनाओँ की समीक्षा

# मछली पालकों को ऑनलाइन सेवा में लाने वाला बालाघाट प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मछली पालकों को शासन के निर्देशानुसार ऑनलाईन सेवा से जोड़ने के मामले में सबसे बेहतर कार्य हुआ है। बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। भारत शासन की मंशानुसार नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से अब उन्हें लाभ दिया जाएगा। शुक्रवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा मत्स्य विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई। मत्स्य अधिकारी श्रीमती पूजा रोडगे ने बताया कि प्रदेश में सबसे अधिक केसीसी कार्ड बालाघाट जिले में बनाये गए है। कलेक्टर श्री मीना ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा अंतर्गत प्रदान किये गए तालाबो व अन्य सुविधाओं की जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए है। बालाघाट में कुल 570 संरचनाएं है , जिसमें से 286 को जियो टैगिंग किया गया है। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ सहित समस्त सहायक मत्स्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 14269 केसीसी और 6640 एनएफडीपी में किया पंजीयन

बैठक के दौरान जिला मत्स्य अधिकारी श्रीमती रोडगे ने बताया कि मत्स्य पालन के लिए मछली पालकों को 14269 केसीसी कार्ड जारी किए गए है। इस कार्ड से लाभार्थी जीरो ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारत शासन द्वारा फरवरी माह में नई योजना लागू की गई है। जिसमें सभी मत्स्य पालकों का ऑनलाइन पंजीयन कराया जाना आवश्यक है। अब वो ही मछली पालक शासन की योजनाओँ का लाभ ले सकेंगे जिनका ऑनलाइन पंजीयन होगा। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए है कि जितने भी केसीसी धारक मछली पालक है सभी का ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

## गुरूद्वारे में कथावाचक सुखदेवसिंह ने सुनाई कथा, रक्तदान, लंगर और छबिल की सेवा

# सिक्ख समाज ने मनाया पांचवे गुरू अर्जनदेव जी का शहीदी दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



30 मई को सिक्ख समाज के पांचवे गुरू अर्जनदेव जी का शहीदी दिवस, गुरूद्धारे में मनाया। शहीदी दिवस पर गुरूद्धारे में अमृतसर से पहुंचे कथावाचक सुखदेवसिंह खालसा ने अर्जुनदेव जी की कथा का वाचन किया।

उन्होंने बताया कि गुरू अर्जनदेवजी को, उनके बड़े भाई पिरथीचंद के विरोध, दीवान चंदुमल की दुश्मनी, भक्तो की बाणी गुरूग्रंथ साहिब में दर्ज ना करने की शिकायत और जहांगीर की कट्टरता तथा मजहबी द्धेष के कारण, शहादत का जाम पीना पड़ा।

श्री गुरूदारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हीरासिंग भाटिया ने बताया कि शहादत दिवस पर, 21 दिन तक चले महिला सत्संग के सुखमनी पाठ का समापन किया गया। जिसके बाद सहज पाठ की सेवा जसमीतसिंग, मनमीतसिंग पसरिचा और छबिल की सेवा गुरूदयालसिंग सौंधी तथा हरगोपालसिंग भाटिया की ओर से की गई। शहादत दिवस पर सिक्ख समाज से 18 लोगों ने पीड़ति मानवता के सेवार्थ रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में गुरूद्धारा में साध संगत की ओर से लंगर की सेवा की गई।

शहादत दिवस के अवसर पर गुरूद्धारे में सामाजिक लोगों में जयप्रित कौर भाटिया, हरजससिंग भाटिया, प्रिया रामनखानी, अनमोलसिंग वासु, संजय भाटिया, गुरदीप सिंग, भूपिन्दर सिंग, सतविंदर सिंग भाटिया, कुलदीपसिंग खालसा, रमनदीप सिंग, रविन्दर सिंग, हरमिन्दर सिंग, मनमीतसिंग, मधु छुट्टानी, हरप्रित कौर, दर्शन कौर, श्यामसिंग झारिया और विशाल झारिया ने पीड़ति मानवता के सेवार्थ, जिला चिकित्सालय के लिए, ब्लड वेन में रक्तदान किया।

**खबर संक्षेप**

## सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज में रामकथा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एकल अभियान श्री हरि कथा योजना एवं वनवासी ट्रस्ट के निर्देशन में संभाग महाकौशल , अंचल समिति सिवनी के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पी जी कालेज के सामने भैरोगंज सिवनी में भव्य राम कथा का आयोजन दिनांक 31 मई से 6 जून तक किया गया है जिसमें रांची से पधारी व्यास कथाकार सुश्री गीता कुमारी दीदी जी द्वारा संगीत मय रामकथा की जायेगी एवं प्रतिदिन शाम को भारत माता की आरती होगी।सभी नगरवासियों, जिलावासियों से सविनय निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामकथा का लाभ ले।

## कलचुरी फाउंडेशन करेगा स्वजातीय मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलचुरी फाउंडेशन सिवनी द्वारा कक्षा 10वीऔर 12वी परीक्षा 2025में 75%या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिले के स्वजातीय मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जावेगा । उक्त सम्मान समारोह आई पी एस स्कूल लूघरवाड़ा में 31मई दोपहर 01बजे से आयोजित है जिसमें स्थानीय विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जावेगा।चूकि कलचुरी समाज की बेटी प्रज्ञा जयसवाल सिंगरौली ने 500 में से 500 अंक लेकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान रचा है तो यह सम्मान समारोह भी इस बेटी प्रज्ञा के नाम से ₹कलचुरी प्रज्ञा सम्मान₹ समारोह दिए जाना प्रारंभ किया जा रहा है।



# सुकतरा में हवाई पट्टी पर ट्रेनी विमान फिसलकर पलटा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के सुकतरा में मेस्को एरोस्पेस कंपनी की हवाई पट्टी पर लैंडिंग के दौरान एक ट्रेनी विमान फिसलकर पलट गया। घटना शुक्रवार सुबह 8 से 9 बजे की है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, विमान पहले बायीं ओर झुका और फिर तेजी से पलट गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के कुछ देर बाद रेड बर्ड एविएशन कंपनी के कर्मचारियों ने जल्दबाजी में विमान को तिरपाल से ढंक दिया। यह कार्रवाई लापरवाही को छिपाने के प्रयास के रूप में देखी जा रही है। इस घटना ने प्रशिक्षण और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विमान को छिपाने की कोशिश से यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह संस्थान की लापरवाही है या प्रशिक्षण में कोई कमी है।

# पीएम किसान सम्मान निधि में आया नया अड़ंगा जांच में अटकी किसानों की अगली किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

देशभर के किसानों की आर्थिक दुरावस्था दूर करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना चलाई जा रही है। इस योजना में केंद्र सरकार किसानों को हर साल 6 हजार रुपए देती है। योजना की राशि 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में किसानों के खातों में ट्रांसफर की जाती है। किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जून में देय है लेकिन इसमें अड़ंगा आ गया है।

योजना में फर्जीवाड़ा सामने आया है जिसकी जांच की जा रही है। इससे एमपी के उन किसानों को सम्मान निधि योजना की अगली किस्त नहीं दी जाएगी जिनके मामलों की जांच चल रही है। ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं जिनमें पति पत्नी दोनों इस योजना का लाभ ले रहे हैं। केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेशभर में कलेक्टर ऐसे मामलों की जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने और ज्यादा ली गई




राशि का समायोजन होने तक संबंधित किसानों को सम्मान निधि की अगली किस्त नहीं दी जाएगी।

पीएम किसान सम्मान निधि में मध्यप्रदेश सहित देशभर में फर्जीवाड़ा चल रहा है। कई किसान दंपत्ति यानि पति और पत्नी दोनों ही इस योजना का लाभ ले रहे हैं जोकि नियमानुसार गलत है। अब ऐसे किसानों की अगली किस्त अटक गई है। अपात्र किसानों की पहचान कर उन्हें योजना से वंचित करने के लिए मामलों की जांच चल रही है।

**सिर्फ पत्नी के नाम पर राशि जारी की जाएगी**

सूत्र बताते है केंद्र सरकार ने इस संबंध में प्रदेश सरकार को जांच कराने के लिए कहा है। इस पर राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों को संबंधित किसानों के मामले की जांच कराने को कहा गया है। पति पत्नी दोनों के ही द्वारा योजना का लाभ लेने के मामलों में जांच की जा रही है।

जांच पूरी होने के बाद ऐसे किसानों को योजना से अपात्र घोषित किया जाएगा। कलेक्टरों को जून में पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जारी होने से पहले अपात्र किसानों की पहचान कर उन्हें किस्त से वंचित करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जब तक अपात्र किसानों से राशि की वसूली नहीं हो पाती है, तब तक उन्हें योजना की अगली किस्त नहीं दी जाएगी। राशि का समायोजन पूरा होने के बाद सिर्फ पत्नी के नाम पर किसान सम्मान निधि की राशि जारी की जाएगी।

# पालिटेक्निक खेल मैदान में हाईमास्ट लाईट की सौगात पर विधायक राय के प्रति सद्भाव ग्रुप एवं क्षेत्रीयजनों ने जताया आभार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा प्रदत्त नगर के खेल मैदानों में फ्लेट लाईट प्रदान किया गया गया है जिसका भूमिपूजन आज दिनांक 30 मई 2025 को पालिटेक्निक मैदान में शासकीय पीजी कॉलेज के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अजय बाबा पांडे की उपस्थिति में किया गया



इस अवसर पर सद्भाव ग्रुप के अध्यक्ष नवल ठाकुर, आशीष गोलू सक्सेना, ऋषि कांत त्रिवेदी, राजेश यादव, ओम सराठे, निशांत तिव्हन, काबिज खान, राहुल वानखेड़े सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

विधायक जी द्वारा खेल मैदानों में हाईमास्क लाईट की सुविधा होने से सभी खिलाड़ियों में हर्ष व्यापत है और अब उन्हें रात्रि के समय खेल के कौशल को बढाने में आसानी होगी। नगर के खेल प्रेमियों ने विधायक श्री राय की यह सौंगात खिलाडियों के व्यापक हित में है।

नगर व जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खिलाडियों के प्रति समर्पित भाव से की जा रही इस सेवा के लिए सद्भाव ग्रुप के सदस्यों खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों सहित क्षेत्रीय जनों ने सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित वार्ड पार्षद श्रीमती मालती पांडे एवं अजय बाबा पांडे जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है।

## 2 जून से 9 जून 2025 की अवधि में आयोजित होगी

**5 वीं 8 वीं पुनः परीक्षा 15,405 छात्र-छात्राएं होंगे पुनः परीक्षा में सम्मिलित**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल का पत्र क्र. 263206 भोपाल दिनांक 15/05/2025 के परिपालन में कक्षा 5वीं व 8वीं की मुख्य परीक्षा में असफल/अनुपस्थित छात्रों की पुनः परीक्षा सत्र 2024-25 निर्धारित समय सारणी अनुसार 02 जून 2025 से 09 जून 2025 के मध्य आयोजित की जावेगी । पुनः परीक्षा हेतु 80 जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत 70 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है । सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा केंद्रअध्यक्ष एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष की नियुक्ति की जाकर पुनः परीक्षा हेतु पात्र समस्त बच्चों को प्रवेश पत्र वितरित किए जा चुके हैं । पुनः परीक्षा में कक्षा 5वीं के 4,062 एवं कक्षा 8वीं के 11,343 कुल 15,405 छात्र सम्मिलित होंगे । पुनः परीक्षा में पात्र छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु बीआरसीसी, जनशिक्षक एवं संस्था प्रमुख समस्त जिला सिवनी को निर्देशित किया गया है ।

# सर्पदंश से 35 वर्षीय महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के गंगई गांव में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतका की पहचान हिरनभटा गांव की 35 वर्षीय अनिता कुलस्ते के रूप में हुई है। अनिता अपनी बहन के घर गंगई गांव में मेहमानी पर आई थी। रात में खाना खाने के बाद सोते समय एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के निवासियों से अपील की है कि सर्पदंश के मामले में तुरंत पीड़ित को अस्पताल लाएं। उन्होंने बताया कि सभी अस्पतालों में सर्पदंश के इलाज के लिए इंजेक्शन उपलब्ध हैं। साथ ही चेतावनी दी कि कई बार लोग झाड़-फूंक में समय बर्बाद कर देते हैं, जिससे मरीज की स्थिति और बिगड़ जाती है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के निवासियों से अपील की है कि सर्पदंश के मामले में तुरंत पीड़ित को अस्पताल लाएं। उन्होंने बताया कि सभी अस्पतालों में सर्पदंश के इलाज के लिए इंजेक्शन उपलब्ध हैं। साथ ही चेतावनी दी कि कई बार लोग झाड़-फूंक में समय बर्बाद कर देते हैं, जिससे मरीज की स्थिति और बिगड़ जाती है।

### महिला गिरकर हुई घायल

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में मढदेवरी गांव बुधवार रात स्पीड ब्रेकर पर बाइक बेकाबू होने से पीछे बैठी महिला गिरकर घायल हो गई। जानकारी के अनुसार मेनवती उइके अपने पति सुरेश उइके (40) के साथ बाइक पर सुजालपार से मढदेवरी जा रही थी। मढदेवरी गांव के पास स्पीड ब्रेकर पर बाइक कूदने से मेनवती का संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गई। घायल महिला को जबलपुर रेफर किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंच कर हादसे की जांच कर रही है। घटनास्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। हादसे के समय यदि वहां अधिक भीड़ होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

## एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मारी टक्कर ,गंभीर घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में बुधवार को जमुनिया गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक को गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि घायल गोधन डेहरिया (40) अपने बाइक पर सवार होकर बंडोल जा रहे थे। इसी दौरान बगल से गुजर रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क किनारे जा गिरा। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि वाहन समेत ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस घटना की जांच कर रही है। साथ ही फरार वाहन और उसके चालक की तलाश जारी है।

# जेएसपीएल नाइट टूर्नामेंट: एमसीसी, सिंघम, यलगार और सनराइजर्स ने जीते अपने मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जेएसपीएल टूर्नामेंट के तीसरे दिन एमसी जी ग्राउंड मैं चार मैच खेले गए। पहले मैच में एमसीसी और पैंथर के मध्य हुआ। एमसीसी के कप्तान साजिद सफारी में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, एमसीसी ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाकर 104 रन का लक्ष्य पेंथर क्लब को दिया। एमसीसी की और से सर्वाधिक 27 रनों की पारी सुनील बट्टी ने खेली,



पैंथर की ओर से सलीम खान ने दो ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिये ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैंथर क्लब ने निर्धारित 10 ओवर मात्र 8 विकेट के नुकसान पर 63 रन ही बना पाई। और यह मैच 40 रनो हार गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुनील बट्टी रहे । दूसरा मैच सिंघम और जीएससी के मध्य हुआ। जीएससी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट नुकसान पर 118 रन बनाकर 119 रनों को लक्ष्य दिया। जीएससी की ओर से सतीश चिंतुले ने शानदार 55 रनों की पारी खेली, सिंघम की ओर से अमन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो ओवर मैं 19 रन देकर दो विकेट लिया ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिंघम ने यह लक्ष्य 9.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 119 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया । सिंघम की ओर से भूपेंद्र सिंह दीवान ने 26 गेंद पर 52 रन और राहुल काकोड़यि ने 18 गेंद पर 37 रन की शानदार पारी खेली। सुशील ठाकुर ने दो ओवर में 11 रन लेकर एक विकेट लिया। इस मैच की मैन ऑफ द मैच भूपेंद्र सिंह दीवान रहे।

तीसरा मैच यलगार और जीआरबी के मध्य हुआ, जेआरबी के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट नुकसान पर 106 रन बनाकर 107 रन का लक्ष्य दिया।

# लड़ईया मोहल्ला में सैक्स रैकेट का हल्ला! पहुँची पुलिस




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के लड़इयां मोहल्ला में गुरुवार को सैक्स रैकेट की चर्चा जोरों पर रही। क्षेत्रवासियों की शिकायत पर कोतवाली थाने से पुलिस टीम लड़इयां मोहल्ला पहुंची। वहां उन्होंने एक युवती को अपने साथ पूछताछ के लिए कोतवाली थाना लेकर पहुंची। हालांकि इस मामले में पुलिस का कहना है कि मोहल्ले से जिस घर में सेक्स रैकेट चलने की जो शिकायत मिली थी मौके स्थल पर पुलिस को वहां किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक न तो सामग्री मिली और ना ही लोग आपत्तिजनक स्थिति में मिले। जिसके कारण कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तहसील सिवनी शाखा का त्रिवार्षिक सम्मेलन व निर्वाचन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तहसील सिवनी इकाई का का सम्मेलन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सिवनी बस स्टैंड कार्यालय में संपन्न हुआ जिसमें सिवनी तहसील के विभिन्न स्थानों से कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि सदस्यों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में सिवनी शहर की विभिन्न समस्याओं जैसे वर्षा पूर्व नालियों की सफाई एवं जलभराव की समस्या, मॉडल रोड के निर्माण में काटे गए पेड़ों के स्थान पर नए पेड़ लगाना, स्कूलों को सुधारना आदि पर विस्तृत चर्चा कर उसे हल करने के लिए निर्णय लिया। गया इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में किसान और मजदूरों की समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई तथा उसे हल करने के लिए जन आंदोलन करने के निर्णय लिए गए इसी तरह देश में चल रहे सांप्रदायिक माहौल जाति जनगणना की मांग ग्वालियर हाई कोर्ट के सामने डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना किसानों के लिए खाद बीज बिजली पानी कोऑपरेटिव सोसाइटी में किसानों की फसलों को एमएसपी रेट पर खरीदा उनका भुगतान शीघ्र करना माचा गोरा बांध की नहरों का सीमेंट करण नए बिजली मीटर से अधिक बिल आना आदि विषयों पर चर्चा की गई। गहन चर्चा के पश्चात आगामी समय तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तहसील इकाई का निर्वाचन किया गया जिसमें कामरेड डॉक्टर बी सी ऊके तहसील सचिव, कामरेड धनीराम बंदेवार उपसचिव, और कामरेड किरण प्रकाश को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया इसी के साथ 10 लोगों की कार्यकारिणी बनाई गई जिसमें कामरेड अंगद सिंह बघेल, मंजू ककोड़िया महेश कुमार सनोडीया संतोष मालवीय पवन कुमार सनोडीया पूजा करोसिया शकुन चौधरी इरफान पठान प्रकाश बघेल अशोक साहू आदि सम्मिलित है।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी को कामरेड राजेंद्र जैसवाल राहुल कुमार यीशु प्रकाश तीरथ प्रसाद गजभिए समद खान चंदन चौधरी आदि ने बहुत-बहुत बधाई दी है तथा समस्याओं को हल करने के लिए आंदोलन करने में भी सहयोग करने का पूर्ण आश्वासन दिया है ताकि जन समस्याओं को जन संघर्षों से हल किया जा सके।



## डॉ. आराधना राय को मिली पीएचडी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट में पदस्थ डॉ. आराधना राय पति केवलमणि राय ने रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय जबलपुर से राजनीति विषय के अंतर्गत शोध विषय मप्र में आदिवासी नेतृत्व सिवनी जिले के विशेष सदंर्भ में अध्ययन पर किया। इस कार्य में एमके बी महाविद्यालय जबलपुर की प्राचार्य डॉ. संध्या चौबे का मार्गदर्शन रहा।

# पटवारी प्रीति सिरसाम का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन

**घंसौर / सिवनी** जिले की तहसील घंसौर अंतर्गत हल्का पटवारी के पद पर कार्यरत महिला पटवारी सुश्री प्रीति सिरसाम का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के द्वारा हिंदी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है।

मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के लिए आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 के अंतर्गत हिंदी विषय की चयन सूची एवं प्राप्तांक सूची जारी कर दी गई है जिसमें उन्होंने 98 वी रैंक हासिल किया है मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह परीक्षा दिनांक 09 जून 2024 को आयोजित की गई थी और लिखित परीक्षा का परिणाम 25 सितंबर 2024 को घोषित किया गया था। परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों के इंटरव्यू 17 फरवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक आयोजित किए गए थे विगत




28 मई को फाइनल प्रदेश लोक सेवारिजल्ट घोषित कर सूची जारी किया गया है सुश्री प्रीति सिरसाम घंसौर के निधानी हल्का में पटवारी पद पर पदस्थ हैं बचपन से ही मेधावी एवं परिश्रमी छात्रा रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में हुई तथा पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा से पोस्ट ग्रेजुएट किया। लगन, परिश्रम के बल पर उनका वर्ष 2022 में पुलिस आरक्षक के पद पर चयन हुआ था जहां लगभग दो वर्षों तक बालाघाट जिले में आरक्षक पद पर कार्यरत रहने के साथ महज 25 वर्ष की आयु में पटवारी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने वर्ष 2024 में आरक्षक की नौकरी छोड़कर पटवारी की नौकरी ज्वाइन कर लिया, इस नौकरी के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी अस्सिटेंट प्रोफेसर बनने केलिएसकारात्मक सोच लेकर उन्होंने नेट क्लाफाई परीक्षा में अपना भाग्य आजमाया तथा परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रीति सिरसाम मूल रूप से ग्राम लालढाना, पोस्ट उमरानाला, तहसील व जिला छिंदवाड़ा की रहने वाली हैं उनकी इस सफलता के पीछे माता राया सिरसाम (प्राथमिक शिक्षिका) पिता शंकर सिरसाम का कुशल मार्गदर्शन एवं घंसौर पटवारी संघ के पटवारी ट्रेनर्स संदीप उइके का मार्गदर्शन भी रहा जिनसे प्रेरित होकर उछंन्होंने सफलता पाई, उनकी इस सफलता पर पटवारी संघ एवं राजस्व अधिकारीयों ने बधाई दिया है।

## परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक संपन्न

# बोर्ड परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार 30 मई को जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (डीपीएमयू) की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, प्राचार्य डाईट, समस्त सहायक संचालक समस्त बीईओ, बीडीओ, समस्त बीआरसीसी, समस्त सब इंजीनियर एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा निर्देशित किया गया की नवीन शिक्षा सत्र में समस्त शिक्षकों को एफएलएन अंतर्गत कराए गए आवधिक आंकलन में प्राप्त विश्लेषण अनुसार पाई गई कठिनाईयों का माह जून एवं जुलाई में बच्चों का सतत अभ्यास कराते हुए निराकरण किया जावे।



माह जुलाई के अंतिम सप्ताह में पुनः कक्षा 2 से 5 के बच्चों का मासिक टेस्ट लिया जावेगा। किसी भी स्तर पर इस कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो कठोर कार्यवाही की जावेगा। समस्त बीआरसीसी, बीईओ, बीडीओ को निर्देशित किया गया कि 10 जून तक एजुकेशन पोर्टल 3.0 में समस्त बच्चों को मैप करना सुनिश्चित करें। विशेष रूप से कक्षा 5 से 6 व कक्षा 8 से 9 में प्रवेश लेने वाले बच्चों के नामांकन में अत्यधिक कमी प्रदर्शित हो रही है, इसे तत्काल पूर्ण करावें। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुलः परीक्षा 2 जून से 9 जून 2025 के मध्य आयोजित होनी है अतः सभी पात्र बच्चों को अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनश्चित करावें। कलेक्टर सुश्री जैन ने कक्षा पांचवी आठवीं, दसवीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा कर निर्देशित किया कि जिन विद्यालय/जनशिक्षा केन्द्र का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत से कम रहा है उनके संस्था प्रमुख, विषय शिक्षक व जनशिक्षकों को नोटिस जारी किया जाकर जवाब प्राप्त करें जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिले की 1042 शासकीय शालाओं में शौचालय मरम्मत हेतु राशि जारी की गई है, शौचालय मरम्मत का कार्य 10 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जावे। मरम्मत कार्य के पहले की फोटो एवं कार्य पूर्ण होने के बाद की फोटो संस्था प्रमुख के पास अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसी प्रकार विदयालयों के रखरखाव हेतु समस्त विदयालयों को स्वीकृत एकीकृत राशि का 25 प्रतिशत उपलब्ध कराया जा चुका है, इस राशि से बारिश के सीजन को ध्यान में रखते हुए 15 जून के पूर्व आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य कराया जावे, जिससे बारिश के समय में बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अंत में महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शाला/विकासखण्ड स्तर पर समस्त प्रकार के ऑनलाईन पोर्टल प्रविष्टि 10 जून तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# वैनगंगा आफिसर्स स्पोट्स कॉम्पलेक्स बेडमिंटन के लिये 1 जून से होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नवनिर्मित वैनगंगा आफिसर्स स्पोर्टस कॉम्पलेक्स बेडमिंटन हॉल का म.प्र. शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा द्वारा दिनांक 25 मई को किया गया। वैनगंगा आफिसर्स स्पोट्स कॉम्पलेक्स में बेडमिंटन खेलने के लिये दिनांक 01 जून 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें गैर शासकीय व्यक्तियों के लिये सदस्यता शुल्क 11000/- रूपये होगा एवं मासिक शुल्क 1000 रूपये प्रतिमाह अग्रिम के रूप में जमा करना होगा। 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिये सदस्यता शुल्क 5000/- होगा एवं मासिक शुल्क 1000 रूपये प्रतिमाह अग्रिम के रूप में जमा करना होगा। शासकीय व्यक्तियों के लिये सदस्यता शुल्क 1000/- रूपये होगा एवं मासिक शुल्क 500 रूपये प्रतिमाह अग्रिम के रूप में जमा करना होगा। शुल्क क्यू आर कोड के माध्यम से जमा किये जाने पर शुल्क जमा किये जाने का स्क्रीनशॉट 9424930186, 9301071808, 9425147932 में से किसी भी नम्बर पर भेजने पर ही शुल्क जमा माना जावेगा। स्क्रीनशॉट प्राप्त नहीं होने पर शुल्क जमा नहीं माना जावेगा। प्रतिमाह की 05 तारीख तक मासिक शुल्क जमा किया जाना अनिवार्य होगा। माह 05 तारीख तक शुल्क जमा नहीं करने पर सदस्यता समाप्त कर दी जावेगी एवं पुनः सदस्यता लेने के लिये फिर से सदस्यता शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। सदस्यता शुल्क जमा करते समय सदस्यता कार्ड जारी किया जावेगा जिसके आधार पर ही प्रवेश की पात्रता होगी। क्यू आर कोड से सदस्यता शुल्क जमा करने के पूर्व मोबाईल नंबर -9424930186, 9301071808, 9425147932 पर संपर्क किया जाना अनिवार्य होगा।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी बोले- सवा साल में एक भी वादा पूरा नहीं

# प्रदेश में रेत, खनिज, शिक्षा और शराब माफियाओं का वल्लभ भवन में कब्जा : जीतू पटवारी





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सवा साल में मोदी की 5 गारंटी पूरी नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने इन्हें पूरा करने का प्रयास तक नहीं किया। पटवारी ने कहा कि प्रदेश में रेत, खनिज, शिक्षा और शराब माफियाओं का वल्लभ भवन में कब्जा है। उन्होंने मंत्री विजय शाह के मामले में एसआईटी गठन पर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि एसआईटी में मंत्री के साथ काम कर चुके अधिकारियों को रखा गया है।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 3 जून को राहुल गांधी भोपाल में संगठन सृजन की शुरुआत करेंगे। यह ग्राम स्तर से जिला स्तर तक किया जाएगा। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने बताया कि 31 मई को जबलपुर में जयहिंद सभा होगी।बालाघाट में पटवारी ढाई घंटे की देरी से पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत आतिशबाजी और फूलमालाओं से किया। उन्होंने सर्किट हाउस से सिंधु भवन तक संविधान बचाओ एवं जय हिंद यात्रा निकाली। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष विधायक संजय उईके और अन्य विधायक मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे कांग्रेस में हुई शामिल

### प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में ली सदस्यता, कांग्रेस में लाने में जिला पंचायत अध्यक्ष की रही भूमिका



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लांजी क्षेत्र की तेजतर्रार महिला नेत्री ज्योति उमरे, कांग्रेस में शामिल हो गई है। गुरूवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में, उनके कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार ने किया। जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे के कांग्रेस में प्रवेश से ना केवल लांजी क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी, बल्कि एक बड़ा वर्ग भी कांग्रेस से जुड़ेगा।

दरअसल, 2013 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी सिंबल पर चुनाव लड़ी ज्योति उमरे को भले ही इस चुनाव में सफलता हाथ नहीं लगी हो लेकिन उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया। जिसके बाद वह लगातार, राजनीति क्षेत्र में संघर्ष करते रही और वर्ष 2022 में क्षेत्र क्रमांक 07 से वह पहली बार जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचित हुई। जिसके बाद से वह लगातार, क्षेत्रीय राजनीति में सक्रिय है और बेटा बचाओ अभियान और हिंसा पीड़ति महिलाओं के लिए, संघर्ष कर रही है। यही कारण है कि महिला शख्सियतो में एक अलग पहचान रखती है। कांग्रेस में प्रवेश के सवाल पर जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे बताती है कि कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर, मैने कांग्रेस की सदस्यता ली है और भविष्य में कांग्रेस के एक समर्पित सिपाही के रूप में वह निरंतर कार्य करते रहेगी। जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे को कांग्रेस में लाने का श्रेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार को जाता है, बताया जाता है कि उन्होंने जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे को कांग्रेस में शामिल होने के लिए पेशकश की थी। जिसके बाद ज्योति उमरे ने कांग्रेस में प्रवेश को लेकर अपना मानस बनाया और गुरूवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में वह कांग्रेस में शामिल हो गई।

### बरसात में स्कूली विद्यार्थियों क़ो होती है भारी परेशानी

# देवरी से ददिया अधूरी सड़क का कब होगा नवनिर्माण, जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** वर्षों से अधूरा पड़ा देवरी से ददिया मार्ग बारिश के दिनों में बद से बदतर स्थिति में देखा जा सकता है जिसमें ददिया स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है बताया जा रहा है कि 4 वर्षों से यह मार्ग अधूरा पड़ा है और अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है उक्त गंभीर समस्या से देवरी के ग्रामीण और किसानो द्वारा छोटे स्तर के जनप्रतिनिधि से लेकर पंचायत अध्यक्ष और विधायक को भी उक्त गंभीर समस्या से अवगत करा दिया गया बावजूद लगभग तीन बीत गए किसी भी जनप्रतिनिधि में अधूरी सड़क पर ध्यान नहीं दिया स्कूली विद्यार्थियों और किसानों के लिए दुखदाई साबित हो सकता है देवरी निवासी मुरलीधर गौतम ने बताया था कि देवरी से ददिया मार्ग पर कुछ हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया है प्रतिदिन दर्जनों स्कूल विद्यार्थी ददिया स्कूल जाते हैं लगभग दो-तीन वर्षों से बारिश के दिनों में हम देखते आ रहे हैं कि मार्ग पर छोटे-बड़े गड्ढे हो जाते हैं इसमें स्कूल की विद्यार्थियों और किसानों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है अधूरे पड़े सड़क के नवनिर्माण के लिए ना कोई अधिकारी ध्यान दे रहा है और ना ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधि, हमारी प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द अधूरे सड़क का नव निर्माण कराया जाए क्योंकि आने वाले कुछ ही दिनों में बरसात शुरू होने वाली है ऐसे में मार्ग का नवनिर्माण ना होना विद्यार्थियों और किसानों के लिए बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। मार्ग का जल्द ही नव निर्माण कराया जाए। अब देखना होगा कि शासन प्रशासन वर्षों से अधूरी बड़ी देवरी ददिया सड़क के निर्माण के लिए कितनी जल्दी पहल करता है।



### चंदन नदी में छात्रों ने गाद निकालकर किया श्रमदान

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन के कार्य निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में विकासखंड वारासिवनी में जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता छात्रों ने सामूहिक श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रसारित किया। जिसमे मेहंदीवाडा घाट में चंदन नदी के दोनों तट की पोलीथीन और गाद निकालकर साफ-सफाई की गई और जन जागरूकता का संदेश देने के लिए रैली निकाली गई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा।

### सांसद ने कहा भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर नहीं

# जिले को मिली दो नई ट्रेनें, वीसी के माध्यम से रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महाकौशल का बालाघाट जिला उत्तर से दक्षिण रेलमार्ग के लिए काफी अहम है। इस मार्ग से लगभग 238 किलोमीटर की दूरी कम होती है। रेलवे यात्रियों के लिए यह मार्ग ना केवल आर्थिक रूप से बल्कि समय की भी बचत करता है। जिस मार्ग से रेलवे मंत्रालय ने गुरूवार को दो नई ट्रेनो के रवाना होने की घोषणा की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीसी के माध्यम से यह जानकारी दी। जिन्होंने बताया कि व्हाया बालाघाट होते हुए जबलपुर से रायपुर और रीवा से पुणे के लिए ट्रेन रवाना होगी। जिससे जिले के यात्रियों का इसका लाभ मिलेगा।

सांसद भारती पारधी ने बताया कि विगत लंबे, समय लंबी दूरी की ट्रेन की डिमांड, जिले के यात्रियो के लिए की जा रही थी और लगातार हम भी इसको लेकर प्रयासरत थे। आज यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि बालाघाट से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की दो बड़ी ट्रेनो की सौगात मिली है। जबलपुर से रायपुर और रीवा से पुणे के लिए ट्रेन चलाए जाने की घोषणा, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीसी के माध्यम से की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। बालाघाट से होकर लंबी दूरी की दो नई ट्रेन के लिए वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित करती है, हम जिले के रेलयात्रियों से जुड़ी सुविधा के लिए, हमेशा, प्रयासरत है और भोपाल और इंदौर के लिए भी जिले से होकर ट्रेन चलाए जाने के लिए हमारा संघर्ष लगातार जारी रहेगा।



### खैरलांजी में 4 जून को निशुल्क नेत्र शिविर का होगा आयोजन

**खैरलांजी।** शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में 4 जून को अस्पताल परिसर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डा. बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन किया जाएगा। उक्त शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उपचार एंव उचित परामर्श प्रदान कर मरीजो को लाभान्वित किया जाएगा। बताया गया की निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा जाएगा।

### जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना में हो रहा पंजीयन, जरूरत के समय मिलेगा लाभ

**बालाघाट।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जन्मजयंती प्रदेश में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाई का रही है। 31 मई को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस दिन भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिलाओं को सम्बोधित करेंगे। महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा अनोखा ननवाचार प्रारम्भ किया गया है। यह नवाचार राष्ट्रीय बीमा योजनाओं में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित बहनों को जोड़ने को लेकर है। बहनों को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजनाओँ में पंजीयन कराते हुए आकस्मिक समय में लाभ देने के लिए है। अप्रैल से प्रारम्भ हुए इस नवाचार में अब तक 5315 बहनों का पंजीयन हो भी गया है। इसके लिए पंचायत वार शिविर लगाएं जा रहें है। इसमें महिला बाल विकास विभाग, ग्राम पंचायत और बैंकर्स की बड़ी भूमिका अदा की जा रहीं है। यह शिविर सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को आयोजित हो रहे है।

### जन अभियान परिषद द्वारा चौपाल लगाकर दिलाई गई जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की क्रियात्मकता निरंतर जारी है। मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटंगी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पाथरवाडा एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गुरुवार को जन जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित ग्रामीणजनों को विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई गई। श्री भगत ने उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इसके साथ ही हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर साझा करना चाहिए। जिस प्रकार शासन द्वारा यह जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अभियान अभियान चल रहा है इस तरह हम अपने गांव में अपने घर में अपने परिवार में मोहल्ला में गांव गांव में सभी समाज वर्गो को जन जागरूकता कर जल है तो कल है और इसके लिए जल संरक्षण करना सोख्ता, गड्ढे बनना जैसे संरचना ओ का निर्माण करना, पानी व्यर्थ ना बहे इसलिए जन जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए। कार्यक्रम में भुपेंद्र पारधी (सरपंच), योगेश ठाकरे (पंचायत सचिव), अरविंद दरवडे (परामर्शदाता), समिति के पदाधिकारी श्री धनेन्द्र चौधरी, सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्त दमयंती आचरे सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।



# मां ने तीन माह की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के मौदा में एक विधवा महिला ने अपनी तीन माह की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। किरनापुर थाना पुलिस ने आरोपी मां दीपाली मते को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार रात करीब 1 बजे की है। दीपाली ने अपनी सास को बताया कि बच्ची दूध नहीं पी रही है और हिल-डुल भी नहीं रही। जब सास ने बच्ची को देखा तो उसका शरीर ठंडा पड़ चुका था। सुबह पड़ोसियों को जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

24 वर्षीय दीपाली के पति का निधन नवंबर 2023 में हुआ था, तब से वह अपने ससुराल में रह रही थी। पुलिस पूछताछ में दीपाली ने अपनी बेटी की हत्या करना स्वीकार कर लिया है।

एसडीओपी ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एफएसएल वैज्ञानिक अधिकारी गौतमा मेश्राम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आरोपी की मानसिक स्थिति और पारिवारिक तनाव की जांच कर रही है। बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।



### विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषि की आधुनिक तकनीकी और योजनाओँ की जानकारी देने वाले प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

# कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य विभाग का कृषि संकल्प अभियान हुआ प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त विकसित कृषि संकल्प अभियान का गुरुवार को जिले के 05 जनपदों की 10 ग्राम पंचायतों में शुभारम्भ किया गया। अभियान का शुभारंभ सांसद श्रीमती भारती पारधी और कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा किया गया। इस दौरान विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अभियान के पहले दिन बालाघाट जनपद की ग्राम पंचायत भरवेली और धनसुआ में कार्यशाला आयोजित की गई। सांसद श्रीमती पारधी ने किसानों से योजनाओं एवं नवीन तकनीकियों का लाभ लेने के लिये विभाग द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में उपस्थित होने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज कृषि की कई नवीन तकनीकें विकसित हुई है, जिन्हें किसानों को जानना चाहिए। अभी नरसिंहपुर में ही कृषि उद्योग समागम का आयोजन हुआ। इससे पूर्व मंदसौर में कृषि समागम हुआ, ऐसे समागम से किसानों को लाभान्वित करने के लिए शासन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। उसी श्रेणी में विकसित कृषि संकल्प अभियान है। आज किसानों को कृषि से जुड़ी हर तकनीक जानना चाहिए। जिससे उत्पादन बढ़ा सकें और लागत भी कम करें।

कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि भारत सरकार और मप्र शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के साथ ही नरवाई प्रबंधन के लिए बेलर एवं सुपरसीडर के उपयोग के लिए जानकारी होना बहुत आवश्यक है। आज खेत में ही उचित और सही तकनीक से प्राकृतिक खाद बनाया जा सकता है। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक जिले की समस्त विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेंगी। जिसके माध्यम से कार्यक्रम में भारत सरकार और मप्र शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीन/उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों द्वारा कृषि में किये गये जा रहे नवाचारों की जानकारी, स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, कृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों के माध्यम से कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा। भरवेली और धनसुआ में आयोजित कार्यशाला में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला स्तरीय दल एवं विकासखण्डर स्तर के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को बीजोपचार एवं बीज शोधन विधि की जानकारी, उन्नडतशील फसल किस्मों एवं उन्नत कृषि तकनीक श्रीअन्न फसलों का क्षेत्र विस्तार, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का उत्पादन की नवीन तकनीक, प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा की जानकारी, खरीफ सीजन में रोग कीट नियंत्रण (जैविक विधियां/रासायनिक विधियां), जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण, ड्रोन तकनीकि का उपयोग की जानकारी दी गई।

खरीफ सीजन में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी उर्वरकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डीएसआर से धान की बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सेअत्रृणी कृषकों को जोड़ना, ड्रिप/स्प्रिंकलर से सिंचाई यंत्रों के उपयोग पर चर्चा की गई। साथ ही पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्यनकपालन विभाग, सहाकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं व नवीन तकनीकियों के साथ समसामयिक विषयों की जानकारी देते हुये परिचर्चा की गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों द्वारा भी कार्यशालाओं में उपस्थित कृषकों को उनके द्वारा किये गये नवाचारों एवं कृषि क्षेत्र में किये गये कार्यो की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई।



विकसित कृषि संकल्प अभियान में गुरुवार को लांजी के ग्राम पंचायत मोहझरी एवं भानेगांव में लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे,श्री सीताराम रावते, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री अजय अवसरे, सरपंच मनीषा नाकतोड़े,उपसरपंच रीता रावते द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाई गई।

वारासिवनी के ग्राम पंचायत कोस्तेख एवं थानेगांव में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उइके एवं ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाई गई। कटंगी में ग्राम पंचायत सिरपुर एवं बनेरा में जनपद पंचायत कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष ने बिरसा ग्राम पंचायत गुदमा एवं भीमलाट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाई गई।

### सड़क सुरक्षा और दुर्घटना जोखिम व घातकता को कम करने के लिए नया सिस्टम लागू हुआ

**बालाघाट।** अब जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अलग तरह से ट्रेंकिंग सिस्टम लागू हो गया है। इसका सीधा सा सम्बंध सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ ही, सड़क मापदंडों को समय रहते सुधार करना और घातक दुर्घटनाओं में उपचार सहित सभी कार्यवाही समय सीमा में पूरा करना है। मंगलवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना और एसपी श्री नगेन्द्र सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नए सिस्टम में शामिल विभागों को अलर्ट करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर श्री मीना ने राहवीर योजना यानी किसी भी घातक दुर्घटना में पीड़ति व्यक्ति को गोल्डन ऑवर समय में जान बचाने वाले व्यक्तियों को पुरस्कार राशि प्रदान करने और प्रचार करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा हिट एंड रन के मामलों में समय पर सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया में भी जिला स्तरीय समिति ने बदलाव करने की हिदायत दी है। इस सम्बंध में एसपी श्री सिंह ने कहा कि सहायता राशि में जो जो दस्तावेज या जानकारी आवश्यक है। इसकी चैक लिस्ट बनाये, ये लिस्ट यातायात और पुलिस थाने पूरी तरह तैयार कर शाखा में प्रस्तुत करेंगे। अगर फिर भी देरी होती है तो कार्यवाही की जाएगी। वहीं कलेक्टर श्री मीना ने जिले में 6 ब्लैक स्पॉट को व्हाइट स्पॉट बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाइवे और एमपीआरडीसी को 15 दिनों का समय दिया है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे,सीएमएचओ डॉ.परेश उप्लव,पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री श्री अडमे, एमपीआईडीसी के श्री मुकेश बैले, यातायात प्रभारी श्री आकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजुद रहे।परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए एक नया सिस्टम बनाया गया है। इस नए पोर्टल/एप्प पर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही, फील्ड ऑफिसर विजिट करने के बाद दुर्घटना के कारण तलाशते हुए एक दुर्घटना की आईडी जनरेट की जाएगी,फिर दुर्घटना से जुड़े बिंदु फ़ोटो वीडियो, दुर्घटना की स्थिति आदि की जानकारी और आईडी थाना प्रभारी को फारवर्ड होगी। इसके बाद से अन्य छानबीन सहित उपचार व दुर्घटना के कारणों को दूर करने के लिए सड़क निर्माण और स्वास्थ्य विभाग तत्पर कार्य करेंगे। इस पुरी दुर्घटना और कार्यवाही ऊपर लेवल पर भी मॉनिटरिंग में रहेगी।